**प्रेस नोट**
**दिनांक 31.08.2024, थाना को० मनकापुर**
**जनपद गोण्डा।**

**थाना को०मनकापुर पुलिस द्वारा गोवंशों की तस्करी करने के वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार -**

**कार्यवाहीः-**

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मनकापुर श्री राजेश कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना को०मनकापुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु०अ०स०- 403/2024 धारा 3/5A/8 गोवध निवारण अधि० व 11 पशुक्रूरता अधि० से सम्बन्धित प्रकाश में आये अभियुक्त दीपक सिंह पुत्र बेचन सिंह निवासी ग्राम कोडर थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा को आईटीआई तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 08.08.2024 को थाना को०मनकापुर के उ०नि० अखिलेश राही मय फोर्स शांति व्यवस्था हेतु रात्रि क्षेत्र भ्रमण में रवाना थे कि मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि टिकरी जंगल में फायर स्टेशन के पास कुछ लोग छुट्टा गोवंश को पकड़ कर पिकप वाहन पर लाद रहे है प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा बताये गए स्थान पर घेराबन्दी किया गया था तो 04 अदद गोवंश व 01 अदद पिकप वाहन बरामद किया गया। अंधेरे का लाभ उठाकर अभियुक्त फरार हो गये थे। बरामदगी के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था । पूर्व में वांछित अभियुक्त विपिन सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। आज दिनांक 31.08.2024 को गोवंश की तस्करी करने वाले आरोपी अभियुक्त क सिंह पुत्र बेचन सिंह निवासी ग्राम कोडर थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा को आईटीआई तिराहे से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना को०मनकापुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

01. दीपक सिंह पुत्र बेचन सिंह निवासी ग्राम कोडर थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा।

**पंजीकृत अभियोग-**

01. मु०अ०सं०-403/2024, धारा 3/5A/8 गोवध अधि० व 11 पशु क्रूरता अधि० थाना मनकापुर जनपद गोण्डा।

**गिरफ्तार कर्ता टीम-**

01. उ०नि० अरविन्द कुमार
02. हे०का० अमर सिंह
03. हे0का0 हरिपाल

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 31.08.2024, कोतवाली नगर,**
**जनपद गोण्डा।**

## थाना को0नगर पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी करने के शातिर चोर को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 01 अदद मोटरसाइकिल बरामदः-

### कार्यवाहीः-

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री सौरभ वर्मा के नेतृत्व में थाना को0 नगर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-482/24, धारा 379 भादवि से सम्बन्धित प्रकाश में आया आरोपी अभियुक्त बृजेश कश्यप उर्फ बाबू पुत्र स्व0 शिव प्रसाद निवासी मो0 मालवीय नगर थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा को मेवतियान कब्रिस्तान के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की 01 अदद मोटरसाइकिल बरामद किया गया।

### घटना का संक्षिप्त विवरणः-

वादी श्री इन्द्रमणि शुक्ला पुत्र श्री भगवत प्रसाद शुक्ल निवासी ग्राम व पो0 पिरवरतारा खरगूपुर जनपद गोण्डा ने दिनांक 30.08.2024 को थाना को0 नगर पर सूचना दिये कि मालवीय नगर रामलीला मैदान के सामने वाली गली में गेट के सामने अपनी मोटरसाइकिल काला नीला रंग का हीरो होण्डा स्पेलेण्डर प्रो खड़ा किया था कुक्ष देर बाद वापस आने पर देखा की किसी अज्ञात चोर द्वारा उनकी मोटरसाइकिल चोरी कर लिया गया है, तहरीर के आधार पर थाना को0 नगर में मु0अ0सं0-482/2024 धारा 379 भादवि बनाम अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी व मोटरसाइकिल बरामदगी हेतु टीमों का गठन किया गया। आज दिनांक 31.08.2024 को पुलिस टीम द्वारा प्रकाश में आये अभियुक्त बृजेश कश्यप उर्फ बाबू पुत्र स्व0 शिव प्रसाद निवासी मो0 मालवीय नगर, थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा को मुखबिर खास की सूचना पर मेवतियान कब्रिस्तान के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 अदद मोटरसाइकिल चोरी की बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर विवेचना में धारा 411 भादवि की बढोत्तरी किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना को0 नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

01. बृजेश कश्यप उर्फ बाबू पुत्र स्व0 शिव प्रसाद निवासी मो0 मालवीय नगर, थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा ।

### पंजीकृत अभियोग-

01. मु0अ0स0- 482/24, धारा 379, 411 भादवि थाना को0 नगर जनपद गोण्डा।

### बरामदगी-

01. UP43N9080 हीरो होण्डा स्पलेण्डर प्रो

### गिरफ्तार कर्ता टीम-

01. उ0नि0 बृजेश कुमार गुप्ता
02. हे0का0 मुबारक हुसैन
03. का0 अंशू वर्मा

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**<u>प्रेस नोट--सेवानिवृत्ति</u>**

**<u>दिनांक 31.08.2024</u>**

## <u>जनपद पुलिस से अधिवर्षिता आयु पूर्ण करने वाले 01 म0उ0नि0 हुई सेवानिवृत्त, पुलिस लाइन स्थित सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी द्वारा शॉल व बुके देकर उज्ज्वल भविष्य की दी गई शुभकामनाएं-</u>

आज दिनाँक 31.08.2024 को जनपद गोंडा पुलिस से 01 महिला उपनिरीक्षक अधिवर्षिता आयु पूर्ण करने के उपरांत सेवानिवृत्त हुई। इस दौरान पुलिस लाइन स्थित सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय द्वारा सेवानिवृत्त होने वाली महिला उपनिरीक्षक श्रीमती शीला देवी को शॉल, प्रशस्त्रि पत्र, बुके व अन्य धार्मिक पुस्तके भेंट करते हुए विदा किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी द्वारा सेवानिवृत्त हुई म0उ0नि0 से सेवानिवृत्त होने पर उनके द्वारा पुलिस विभाग को दिये गये योगदान की सराहना की गयी एवं सेवानिवृत्ति उपरांत भी पुलिस विभाग का यथासंभव सहयोग करने की अपेक्षा की गई तथा सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाईन सुश्री शिल्पा वर्मा, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक सुश्री नित्या गोस्वामी, प्रतिसार निरीक्षक श्री राकेश कुमार सिंह एवं सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के परिवारीजन व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

**<u>मीडिया सेल गोंडा।</u>**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 31.08.2024**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा पुलिस भर्ती परीक्षा के दृष्टिगत लगातार भ्रमण शील रहते हुए परीक्षा केन्द्रो का निरीक्षण कर परीक्षा को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से कराया गया सकुशल सम्पन्नः-**

गोण्डा। आज दिनांक 31.08.2024 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती परीक्षा-2023 की प्रथम एवं द्वितीय पाली की लिखित परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु लगातार भ्रमणशील रहकर परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा कक्ष, सी0सी0टी0वी0 व सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया। परीक्षा केन्द्रों पर लगे सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापक व पुलिस के अधिकारी कर्मचारीगणों से वार्ता कर पुलिस भर्ती की प्रथम एवं द्वितीय पाली की परीक्षा को सुचितापूर्ण, निर्विवाद एवं शान्तिपूर्ण ढंग से जनपद में 23 से 31 अगस्त तक जनपद के 13 परीक्षा केन्द्रों पर सकुशल सम्पन्न कराया गया। परीक्षा के दृष्टिगत कार्यकारी संस्था द्वारा प्रश्नपत्र, उत्तर पुस्तिका व गोपनीय सामग्री सेक्टर मजिस्ट्रेटों को सुपुर्द किया गया। सेक्टर मजिस्ट्रेटों द्वारा प्रश्नपत्र, उत्तर पुस्तिका व गोपनीय सामग्री को सम्बन्धित स्कूलों तक पहुँचाया गया तथा उसकी रिसीविंग कार्यकारी संस्था को दी गयी। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करायी गयी। ड्यूटी पर कार्यरत सभी अधि0/कर्मचारीगणों द्वारा सतर्क दृष्टि रखते हुए ड्यूटी का निर्वहन किया गया तथा कंट्रोल रूम द्वारा लगातार सीसीटीवी कैमरों की मदद से हर तरह की गतिविधियों पर नजर रखी गयी। प्रभारी यातायात द्वारा पुलिस बल के साथ भ्रमणशील रहकर यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाये रखा गया। पुलिस सोशल मीडिया सेल द्वारा भी लगातार सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म, ट्विटर, फेसबुक व व्हाट्सएप सहित अन्य सोशल मीडिया के प्लेटफार्मो पर निरंतर निगरानी की गयी।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**